कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सतीश शर्मा, निवासी **Quarter No. R 5/4, Behind RSEB Rest House, Lalkothi, Sahkar Marg, Jyoti Nagar, Jaipur 302005**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई

अपील संख्या 34/2024

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 01.08.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से संबंधित हैं। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2024/2403 दिनांक 08.07.2024 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई द्वारा पत्र कमांकः आरटीआई/2024/838 दिनांक 19.07.2024 के द्वारा अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की है। उक्त पत्रादि की छायाप्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.11.04 16:48:37 IST
Reason: SelfAttested